17/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद के पवित्र मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईद-उज-अधा त्याग और बलिदान का त्योहार है जो लोगों को अपनी खुशियां सभी के साथ बाटने का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी देशवासियों से विशेषकर वंचित वर्ग के लोगों के लाभ के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से एकता, दया भाव और एकजुटता के मूल्यों पर विचार करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईद-उल-अधा का यह अवसर समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करेगा। साथ ही उन्होंने सभी के खुश और स्वस्थ रहने की कामना की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से **'मन की बात'** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला **मन की बात** कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00-11-78 00 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं।

नरेंद्र मोदी ऐप या **माई जीओवी ओपन फोरम** पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। यह आकाशवाणी समाचार, डी.डी.न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम प्रादेशिक भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुए दुखद रेल हादसे पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री ने अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। इस बीच, प्रधानमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। खबरों के अनुसार, आज सुबह पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ी के बीच टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए।

0000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज नई दिल्ली में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी मजबूती से आगे बढ़ती रहेगी

000000000000000000

संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने कल नई दिल्ली में राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भेंट की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि श्री खरगे ने अपने जीवन के अनेक महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष राष्ट्रहित में साथ मिलकर काम करेंगे। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और नव-निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। इसी सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र इस महीने की 27 तारीख से शुरू होगा। संसद सत्र का समापन अगले महीने की तीन तारीख को होगा।

00000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने ईद-उल-जुहा के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों और मुस्लिम समुदाय को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्यौहार पूरे देश में सार्वभौमिक भाईचारे, सम्मान, शांति और समृद्धि की भावना को और मजबूत करेगा।

00000000000000000000

निदेशालय सेवा अधिकारी संघ अरुणाचल ने उम्मीद जताई कि पेमा खांडू 3.0 सरकार, राज्य सरकार के कर्मचारियों की आकांक्षाओं को पूरा करना जारी रखेगी। मुख्यमंत्री के रूप में तीसरी बार पदभार ग्रहण करने पर पेमा खांडू को संबोधित एक बधाई पत्र में, टीम ने बताया कि संघ राज्य के लोगों के कल्याण और समृद्धि के लिए विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों, नीतियों और परियोजनाओं को लागू करने में सरकार का पूरे दिल से सहयोग और समर्थन करेगा।

0000000000000000

ऑल मिलो वेलफेयर सोसाइटी, जीरो द्वारा कल ताजंग के तागे डोलो जुबली हॉल में अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर, विभिन्न क्षेत्रों में सोसायटी के अग्रणी, उपलब्धि हासिल करने वाले, रिकॉर्ड धारकों और पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिलो पुशांग द्वारा संकलित 'Genealogy and Who's Who of Millo clan' नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

000000000000000000